# राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर 302004, दूरभाष 0141–2256602, Email:gaduorjaipur@gmail.com

## बैठक कार्यवाही विवरण

राजस्थान विश्वविद्यालय आवास आवंटन समिति की बैठक दिनांक 04–09–2025 को अपराह्न 2.00 बजे कुलगुरु सचिवालय स्थित सीनेट हॉल में सम्पन्न हुई, जिसका कार्यवाही विवरण निम्नानुसार है:–

उपस्थित :

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रो. राम अवतार शर्मा (वनस्पतिशास्त्र विभाग) | : | संयोजक |
| 2. | प्रो. प्रवीण शर्मा (ई.ए.एफ.एम. विभाग) | : | सदस्य |
| 3. | प्रो. बेला कोठारी (मानव विज्ञान विभाग) | : | सदस्य |
| 4. | विश्वविद्यालय अभियन्ता | : | सदस्य |
| 5. | अध्यक्ष, रा.वि.वि. अशैक्षणिक कर्मचारी संघ | : | सदस्य |
| 6. | अध्यक्ष, रा.वि.वि., सहायक कर्मचारी संघ | : | सदस्य |
| 7. | उप कुलसचिव, सामान्य प्रशासन | : | सदस्य–सचिव |

प्रोफेसर सीमा श्रीवास्तव, प्राणिशास्त्र विभाग बैठक में उपस्थित नहीं हो सकीं।

सर्वप्रथम संयोजक महोदय द्वारा सभी सदस्यों का स्वागत किया गया।

समिति द्वारा आवास आवंटन की वरीयता सूची एवं इसके सम्बन्ध में प्राप्त आपत्ति/प्रतिवेदना व अन्य पत्रावलियों का अवलोकन करने के उपरान्त सर्वसम्मति से निम्न अनुशंसाएँ की गई:–

1. समिति द्वारा पूर्व आवास आवंटन समिति की बैठक दिनांक 24–11–2024 का अवलोकन किया गया, जिसमें श्री प्रहलाद सैन, वरिष्ठ लिपिक, परीक्षा अनुभाग द्वारा आवास आवंटन हेतु कटवायी गई रसीद संख्या की सत्यता की जाँच लेखा एवं वित्त विभाग से कराये जाने की अनुशंसा की गई थी। लेखा एवं वित्त विभाग द्वारा उक्त रसीद की सत्यता की पुष्टि की गई है। साथ ही समिति द्वारा पूर्व आवास आवंटन समिति की बैठक दिनांक 09–10–2023 का अवलोकन किया गया, जिसमें डॉ. राजेन्द्र प्रसाद चित्रकला विभाग (रसीद संख्या 12345 दिनांक 07–07–2017), डॉ. दिनेश कुमार, भौतिक शास्त्र विभाग (रसीद संख्या 25747 दिनांक 23–07–2018), डॉ. शिवम सिंह, समाजशास्त्र विभाग (रसीद संख्या 12209 दिनांक 06–07–2017) एवं श्री प्रणव भटनागर, अभियंता कार्यालय (रसीद संख्या 10789 दिनांक 01–07–2017) को पूर्व में कटवायी गई रसीद की दिनांक से वरीयता सूची में सम्मिलित कर आवास आवंटित किये गये थे।

उक्त तथ्यों के आलोक में समिति सर्वसम्मति से श्री प्रहलाद सैन को आवास आवंटन हेतु कटवायी गई रसीद संख्या की दिनांक 07–07–2017 से आवास आवंटन किये जाने जाने की अनुशंसा करती है।

.....निरन्तर...../2

2. आवास आवंटन समिति के संज्ञान में यह तथ्य आया है कि सहायक आचार्यो को आवंटित किये जाने वाले टी.आर. श्रेणी के लगभग 08 आवास वर्तमान में रिक्त हैं, जिनमें से कुछ आवासों की स्थिति बहुत जर्जर है तथा अधिकांश सहायक आचार्य इन आवासों में निवास हेतु मना कर चुके हैं।

अतः उपरोक्त सम्बन्ध में समिति का सुझाव है कि टी.आर. श्रेणी के आवासों की देखरेख व राजस्व की प्राप्ति के मद्देनजर एक परिपत्र जारी कर दिनांक 26–11–2025 तक टी.आर. आवास हेतु इच्छुक शिक्षकों से आवेदन प्राप्त किये जा सकते हैं। तत्पश्चात अधिकारियो/मंत्रालयिक संवर्ग के आवासों की अत्यधिक कमी के दृष्टिगत उक्त आवासों को वरीयता सूची के आधार पर मंत्रालयिक संवर्ग के इच्छुक कार्मिकों को इस शर्त (अण्डरटेकिंग) के साथ आवंटित किया जा सकता है कि भविष्य में यदि सहायक आचार्य पद पर भर्ती होती है तो आवास में निवासरत कर्मचारी को सम्बन्धित वर्ग हेतु आवंटित किये जाने वाले आवास में स्थानान्तरित कर उक्त टी.आर. आवास को रिक्त कर दिया जावेगा। साथ ही आवास से सम्बन्धित कटौतियाँ नियमानुसार की जायेंगी।

3. आवास आवंटन समिति के संज्ञान में यह भी तथ्य आया है कि सहायक कर्मचारियों के कुछ आवास भी वर्तमान में रिक्त है तथा जर्जर अवस्था में है।

अतः उपरोक्त सम्बन्ध में समिति का सुझाव है कि सहायक कर्मचारियों के आवासों की देखरेख व राजस्व की प्राप्ति के मददेनजर एक परिपत्र जारी कर दिनांक 26–11–2025 तक आवास हेतु इच्छुक सहायक कर्मचारियों से आवेदन प्राप्त किये जा सकते हैं। तत्पश्चात उक्त श्रेणी के रिक्त आवासों को अशैक्षणिक कर्मचारियों को वरीयता सूची के आधार पर इस शर्त के साथ आवंटित किया जा सकता है कि भविष्य में यदि सहायक कर्मचारी वर्ग की भर्ती होती है तो आवास मे निवासरत अशैक्षणिक कर्मचारी को अशैक्षणिक कर्मचारियों हेतु आवंटित किये जाने वाले आवास में स्थानांतरित कर उक्त सहायक कर्मचारी आवास रिक्त कर दिया जायेगा। साथ ही आवंटित आवास के सम्बन्ध में कर्मचारी से उसके पद के अनुसार ही कटौती किये जाने की समिति अनुशंसा करती है।

4. समिति द्वारा डॉ. प्रदीप कुमार मुवाल, सहायक आचार्य, रसायनशास्त्र विभाग के आवेदन के सम्बन्ध में विचार–विमर्श कर यह अनुशंसा की गई कि आवास आवंटन समिति की पूर्व बैठक दिनांक 30–07–2025 के बिन्दु संख्या–07 की अनुशंसानुसार उच्च श्रेणी के आवास आवंटन हेतु प्राप्त आवेदनों के साथ प्रकरण पुनः आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाये।

अन्त में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न की गई।

| | | |
|---|---|---|
| 04/9/25 | Praveen Sharma 04/9/2025 | |
| (प्रो. राम अवतार शर्मा)<br>संयोजक | (प्रो. प्रवीण शर्मा)<br>सदस्य | (प्रो. बेला कोठारी)<br>सदस्य |
| विश्वविद्यालय अभियन्ता<br>सदस्य | अध्यक्ष,<br>रा.वि.वि. अशैक्षणिक कर्मचारी संघ<br>सदस्य | अध्यक्ष,<br>रा.वि.वि. सहायक कर्मचारी संघ<br>सदस्य |

04/09/25
उप कुलसचिव
(सामान्य प्रशासन)
सदस्य–सचिव